संख्या-27/2016/3583/41-15-157 यो0/2015

प्रेषक,

शिव कुमार पाठक
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0,
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग **लखनऊ दिनांक 09 मार्च, 2016**

विषय- जिला योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2015-16 विभिन्न जनपदों के विभिन्न पर्यटन स्थलों के पर्यटन विकास हेतु वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक महानिदेशक, पर्यटन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र सं0-922/7-1-1(जि0यो0)/मूल पत्रा0/2015-16 दिनांक 11-08-2015, पत्र सं0-1266/7-1-1(जि0यो0)/मूल पत्रा0/2015-16 दिनांक 24-09-2015, पत्र सं0-1262/6-1-1(मूल पत्रा0)/2015 दिनांक 23-09-2015, पत्र सं0-1263/जिला योजना/2015 दिनांक 23-09-2015, पत्र सं0-1168/7-1-1(जि0यो0)/मूल पत्रा0/2015-16 दिनांक 09-09-2015, पत्र सं0-1511/6-1-1/2015 दिनांक 06-11-2015, पत्र सं0-1485/7-1-1(जि0यो0)/मूल पत्रा0/2015-16 दिनांक 03-11-2015 एवं पत्र सं0-2300/7-1-1/मूल पत्रा0/2015-16 दिनांक 08-03-2016, द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव/आगणन के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2015-16 में जिला योजना के अन्तर्गत कालम-2 में अंकित योजनाओं के लिये कालम-3 में अंकित कार्यदायी संस्था नामित करते हुए कालम'-4 तथा 5 में उल्लिखित विवरणानुसार कुल रू0 145.98 लाख (रूपये एक करोड पैंतालीस लाख अट्ठानवे हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं-

(धनराशि रू0 हजार में)

क्र0	**जिला योजना के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों की योजनाएं**	**कार्यदायी संस्था**	**प्रशासकीय स्वीकृति**	**वित्तीय स्वीकृति**
-1-	-2-	-3-	-4-	-5-
1	जनपद-देवरिया के ग्राम पंचायत करमैल बनरही में स्थित करमैल भगवती देवी मन्दिर का सौन्दर्यीकरण।	ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड देवरिया।	10.18	10.18
2	जनपद-बलिया के महार्षि एकलनाथ की तपोस्थली पर स्थित पोखरे के सौन्दर्यीकरण का कार्य।	ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बलिया।	15.76	15.76
3	जनपद-गाजीपुर के ग्राम रकसहा में तवारक दादा के मजार का पर्यटन विकास।	ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड गाजीपुर	10.06	10.06
4	जनपद-गाजीपुर के ग्राम ताजपुर मांझा शिव मन्दिर का पर्यटन विकास।	ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड गाजीपुर	9.45	9.45

http://shasanadesh.up.nic.in

5	जनपद-गाजीपुर के ग्राम पचोखर में सांस्कृतिक मंच का विकास।	ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड गाजीपुर	15.45	15.45
6	जनपद-गाजीपुर के ग्राम मुहम्मदपुर में शिव मन्दिर का पर्यटन विकास।	ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड गाजीपुर	11.19	11.19
7	जनपद-गाजीपुर के ग्राम सब्बलपुर में नेवाजू बाबा मन्दिर का पर्यटन विकास।	ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड गाजीपुर	15.56	15.56
8	जनपद-गाजीपुर के ग्राम उसिया में स्थित ऐतिहासिक स्थलों का पर्यटन विकास।	ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड गाजीपुर	8.21	8.21
9	जनपद सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज ब्लाक में स्थापित ऐतिहासिक स्थल हल्लौर का पर्यटन विकास।	उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 बस्ती।	10.00	10.00
10	जनपद हरदोई में स्थित कालिका देवी मन्दिर भवानीपुर ग्राम सभा भेनगांव विकास खण्ड कोथांवा का सौन्दर्यीकरण।	ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड हरदोई।	5.12	5.12
11	जनपर सिद्धार्थनगर में पर्यटन सूचना केन्द्र का विकास।	उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 बस्ती।	5.00	5.00
12	जनपद इलाहाबाद स्थित माण्डवी देवी माण्डा मेजा का पर्यटन विकास।	उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, इलाहाबाद	5.00	5.00
13	जनपद इलाहाबाद स्थित मस्तान शाह बाबा की मजार माण्डा का पर्यटन विकास।	उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, इलाहाबाद	5.00	5.00
14	जनपद जौनपुर स्थित दौलतिया हनुमान मन्दिर का पर्यटन विकास।	ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड जौनपुर।	10.00	10.00
15	जनपर गाजीपुर में तहसील जमानिया के ग्राम गहमर में स्थित गंगेश्वर बाबा स्थल, कामाच्छा धाम का पर्यटन विकास।	ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड गाजीपुर	10.00	10.00
		योग	145.98	145.98

(1) स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

(2) स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य प्रयोजन हेतु कदापि नहीं किया जायेगा एवं उक्त कार्यों को अनुमोदित लागत के सीमान्तर्गत ही किया जायेगा।

(3) कार्यों की वित्तीय/भौतिक प्रगति की सूचना व उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को_ससमय उपलब्ध कराया जायेगा।

(4) कार्यों की मानकों के अनुसार गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने का उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्थाओं का होगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

(5) यदि कोई धनराशि बचती है तो उसे तत्काल शासन को समर्पित/राजकोष में जमा कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(6) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उपरोक्तांकित स्वीकृत योजनान्तर्गत कार्यों हेतु किसी अन्य स्रोतों से धनराशि प्राप्त न की गयी हो।

(7) योजनान्तर्गत कराये गये कार्यों की फोटोग्राफी कराकर तत्काल उपलब्ध करायी जाये जिससे प्रगति के संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सके।

2. उक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-44 के लेखाशीर्षक-"5452-पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-80-सामान्य-104-संवर्धन तथा प्रचार-09-पर्यटन स्थलों का विकास (जिला योजना)-24-वृहत निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30-03-2015 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(शिव कुमार पाठक)
उप सचिव।

<u>संख्या-27/2015/3583 (1)/41-2015-तद् दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निजी सचिव, मा0 पर्यटन मंत्री, उ0प्र0 लखनऊ।
3- मण्डलायुक्त, इलाहाबाद/वाराणसी, गोरखपुर, बस्ती,
4- जिलाधिकारी, गाजीपुर, देवरिया, बलिया, सिद्धार्थनगर, हरदोई, जौनपुर एवं इलाहाबाद
5- मुख्य कोषाधिकारी, आदर्श कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
7- कोषाधिकारी, गाजीपुर, देवरिया, बलिया, सिद्धार्थनगर, हरदोई, जौनपुर एवं इलाहाबाद।
8- अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, देवरिया, बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, हरदोई, बस्ती।
9- परियोजना प्रबन्धक उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 बस्ती एवं परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, इलाहाबाद।
11- क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर,
12- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
13- श्री राजा राम वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर तत्काल अपलोड करना सुनिश्चित करें।
14- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(विनय कुमार सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in